**भारतीय जनता पार्टी**
**(केंद्रीय कार्यालय)**
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

15 अप्रैल 2026, बुधवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, फालाकाटा और तुफानगंज में आयोजित जनसभाओं में दिए गए संबोधन के मुख्य बिंदु**

***************

**भाजपा सरकार बनते ही TMC और कम्युनिस्टों के शासन में गोरखा भाइयों-बहनों पर लगे झूठे केसों को वापस लिया जाएगा**

**TMC नहीं चाहती कि सच्चे देशभक्त गोरखा भाइयों-बहनों का कल्याण हो, भाजपा सरकार बनते ही उनकी सभी समस्याओं का समाधान होगा**

**बंगालवासी कमल का बटन दबाकर ममता का हिसाब करेंगे, सरकार बनते ही भाजपा इनके गुंडों का हिसाब करेगी**

**युवाओं की नौकरी में फर्जीवाड़ा करने वाले ममता के चेले बच नहीं पाएंगे, भाजपा सरकार उनसे पाई-पाई वसूलेगी**

**बंगाल की तिजोरी पर जिन्होंने डाका डाला है, TMC के उन सभी घोटालेबाजों को चुन-चुनकर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा**

**कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से गंगासागर तक, एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुनकर बाहर किया जाएगा**

**उत्तर बंगाल के साथ सौतेला व्यवहार करने वाली ममता बनर्जी ने ₹4 लाख करोड़ के बजट में मदरसों को ₹5700 करोड़ और उत्तर बंगाल को सिर्फ ₹1200 करोड़ दिए**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज बुधवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी, फालाकाटा और तुफानगंज में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और तृणमूल कांग्रेस की सरकार में पश्चिम बंगाल में व्याप्त भ्रष्टाचार, हिंसा तथा घुसपैठ को

लेकर ममता बनर्जी की जमकर आलोचना की और प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाने के आह्वान किया। कार्यक्रमों के दौरान मंच पर जलपाईगुड़ी से भाजपा सांसद श्री जयंत कुमार राय, अलीपुरद्वार से भाजपा सांसद श्री मनोज तिग्गा, राजगंज से प्रत्याशी श्री दिनेश सरकार, जलपाईगुड़ी से प्रत्याशी श्री अनंत देव अधिकारी, फालाकाटा से प्रत्याशी श्री दीपक बर्मन, तुफानगंज से प्रत्याशी श्रीमती मालती रव रोय और नताबाड़ी से प्रत्याशी श्री गिरिजा शंकर रॉय सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने कहा कि जलपाईगुड़ी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक केंद्र है और ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने की शुरुआत यहीं से करनी है। जलपाईगुड़ी की जनता ने सभी सातों सीटें आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में डालने का मन बना लिया है। राजगंज और जलपाईगुड़ी में टीएमसी नेता ट्रांसपोर्टर और व्यापारियों से कट मनी लेते हैं, यह कट मनी का खेल ममता बनर्जी और भाईपो बंद नहीं कर सकते, यह केवल भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। यहाँ बाढ़ राहत में ममता के गुंडे करोड़ों रुपये खा गए। पश्चिम बंगाल की जनता के कमल के निशान पर बटन दबाते ही इस सिंडिकेट माफिया को खत्म करने का कार्य शुरू हो जाएगा। बंगाल में चाय बागान की इंडस्ट्री खत्म हो रही है, श्रमिकों के वेतन में बढ़ोतरी नहीं की जा रही, उन्हें भूमि का हक भी नहीं दिया गया है। भाजपा सरकार बनने के बाद ढाई साल में हर चाय बागान में ₹500 से ज्यादा वेतन बढ़ोतरी की जाएगी और हर श्रमिक को भूमि का पट्टा देकर भूमि का मालिक बनाया जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जलपेश मंदिर बहुत पुराना मंदिर है और यहां कोई सुविधा नहीं है। चुनाव के बाद भाजपा सरकार बनने पर जलपेश मंदिर पर ₹50 करोड़ खर्च कर यात्रियों की सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। राजवंशी भाषा को आठवीं अनुसूची में लाने का काम भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। जलपाईगुड़ी टी, टिम्बर और टूरिज्म के लिए जाना जाता था, लेकिन ममता बनर्जी ने इसमें चौथा टी जोड़ दिया, टियर्स (आंसुओं) का टी। भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ताओं पर ममता बनर्जी के गुंडों ने अत्याचार किया है। 23 अप्रैल को ममता बनर्जी का हिसाब जनता बराबर कर दे, गुंडों का हिसाब भारतीय जनता पार्टी बराबर कर देगी। भारत सरकार ने गोरखा समस्या के समाधान के लिए बहुत सारे प्रयास किए, मगर ममता बनर्जी साथ नहीं देतीं, इसीलिए एक इंटरलोक्यूटर बनाया गया है। चुनाव के बाद गोरखा समस्या का संवैधानिक समाधान, भारतीय जनता पार्टी करेगी। पूरे बंगाल के सभी दलों के कार्यकर्ताओं पर जो झूठे राजनीतिक मुकदमे लगाए गए हैं, उन्हें भाजपा सरकार

बनने के बाद वापस लिया जाएगा और गोरखा नेताओं पर लगाए गए सैकड़ों मामलों को भी वापस लेने का काम किया जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि जलदापाड़ा बेल्ट में हाथी और तेंदुए लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। सिलतोर्शा नदी से दिन-दहाड़े बालू और मिट्टी की चोरी हो रही है, जबकि साल कुमार हाट और पलास बाड़ी में बाढ़ प्रभावित लोगों के पुनर्वास का काम भी नहीं हुआ। टोटो जनजाति को भी कोई लाभ नहीं मिला। ममता बनर्जी यह सोचती हैं कि बिना काम किए केवल हमले करके चुनाव जीता जा सकता है। भाजपा कार्यकर्ता हमलों से डरने वाले नहीं हैं और इस चुनाव में तृणमूल कांग्रेस का कोई भी गुंडा जनता को नुकसान नहीं पहुंचा पाएगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद ममता बनर्जी के गुंडों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। संदेशखाली से लेकर पूरे बंगाल में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं हैं, पूरे राज्य से महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन राज्य सरकार मौन रहती है। ममता बनर्जी कहती हैं कि महिलाओं को शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए, ममता बनर्जी को शर्म करनी चाहिए। भाजपा सरकार बनने के बाद हम ऐसा सुरक्षित वातावरण बनाएंगे, जहां महिलाएं रात के दो बजे भी बिना भय के बाहर निकल सकें।

श्री शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद उत्तर बंगाल में एम्स बनाया जाएगा, दार्जिलिंग से सुंदरबन तक नया नेशनल हाईवे बनाया जाएगा और 500 बेड का एक कैंसर अस्पताल भी बनाया जाएगा। उत्तर बंगाल में युवाओं के लिए आईआईटी और एक आईआईएम बनाया जाएगा, साथ ही एक खेल विश्वविद्यालय और एक ट्राइबल यूनिवर्सिटी भी बनाई जाएगी। दार्जिलिंग को एडवेंचर हेरिटेज में बदला जाएगा और इसे टूरिज्म का सेंटर बनाया जाएगा। ममता बनर्जी चाहे जितनी कोशिश कर लें, भारतीय जनता पार्टी पूरे बंगाल से चुन-चुनकर घुसपैठियों को खदेड़ने का काम करेगी। उत्तर बंगाल में चार नए इंडस्ट्रियल शहर बनाने का काम भी भाजपा सरकार करेगी। कुछ लोगों को चार शादियों की परमिशन है और कुछ को एक शादी की, लेकिन भाजपा सरकार बनने पर किसी को भी चार शादी नहीं करने दी जाएगी। यूनिफार्म सिविल कोड लागू कर हर नागरिक के लिए समान नागरिक कानून लाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि बंगाल के सभी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतन आयोग के अनुसार तनख्वाह और डीए दिया जाएगा, महिलाओं के बैंक अकाउंट में हर महीने

₹3,000 ट्रांसफर किए जाएंगे और युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के रूप में हर महीने ₹3,000 उनके बैंक अकाउंट में देने का काम किया जाएगा। किसानों को अभी ₹6,000 सम्मान निधि के रूप में दिए जाते हैं, जिसे बढ़ाकर ₹9,000 किया जाएगा और गर्भवती माताओं को ₹21,000 तथा छह पोषण किट देने का काम भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी। 5 मई से सरकारी बसों में महिलाओं को टिकट लेने की जरूरत नहीं होगी और गरीबों का ₹5 लाख तक का ऑपरेशन समेत पूरा इलाज, मुफ्त में किया जाएगा। धान की एमएसपी को ₹3100 बढ़ाया जाएगा और विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग जनों को हर महीने ₹2,000 देने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार करेगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बहुत पहले ही बन जाना चाहिए था लेकिन 550 साल तक मुगल, अंग्रेज, कांग्रेस और ममता ने रामलल्ला को टेंट में रखा था। 2019 में भाजपा सरकार बनने, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के बाद राम मंदिर का निर्माण हुआ। ममता बनर्जी का करीबी हुमायूं कबीर केवल ढोंग करने के लिए उनसे अलग हुआ है और वह बंगाल की भूमि पर बाबरी मस्जिद बनाना चाहता है, लेकिन बंगाल भारत में है और यहां किसी को बाबरी मस्जिद नहीं बनाने दिया जाएगा। इसी तरह कश्मीर से भी बहुत पहले ही धारा 370 हट जानी चाहिए थी, लेकिन 75 साल तक कांग्रेस, कम्युनिस्ट, ममता, सपा, बसपा और डीएमके ने इसे रोके रखा। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभिन्न हिस्सा बना दिया। मनमोहन सिंह और ममता बनर्जी की सरकार के दौरान आए दिन आतंकी हमले होते थे और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी, लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आने के बाद उरी में हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद एयर स्ट्राइक की गई, तथा पहलगांव में हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर कर घर में घुसकर आतंकवादियों को समाप्त करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश से आतंकवाद को समाप्त किया और नक्सलवाद को भी समाप्त करने का काम किया गया है। त्रिपुरा, असम और बिहार में भाजपा सरकार बन चुकी है और बंगाल में भी भाजपा सरकार बनानी चाहिए, जिसके बाद एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर निकालने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। ममता बनर्जी ने पूरे बंगाल को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। 26,000 युवाओं को नौकरी देने में फर्जीवाड़ा कर ममता बनर्जी के लोग **₹**300 करोड़ खा गए और अब वे समझते

हैं कि उन्हें कुछ नहीं होगा। बंगाल के लोग कमल के फूल पर बटन दबा दें, 5 तारीख के बाद बंगाल की जनता का खाया हुआ एक-एक पैसा सूद समेत वसूल कर वापस लाया जाएगा। ममता बनर्जी और टीएमसी ने कैश फॉर क्वेरी घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाला, एसएससी घोटाला, नगर पालिका भर्ती घोटाला, गाय माता की तस्करी का घोटाला, राशन घोटाला, मनरेगा घोटाला और पीएम आवास घोटाला किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बंगाल की जनता से वादा किया है कि ₹1 का भी भ्रष्टाचार न हो, ऐसी सरकार बंगाल में भारतीय जनता पार्टी बनाएगी।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 12 साल से देश के प्रधानमंत्री हैं और उससे पहले 12 साल गुजरात में मुख्यमंत्री रहे हैं, इस प्रकार 24 साल से वे शासन में हैं, फिर भी 24 साल में उन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है। बंगाल में कट मनी समाप्त करना है, भ्रष्टाचार समाप्त करना है, सिंडिकेट को समाप्त करना है, गौ तस्करी बंद करनी है, सीमा पर बाड़ लगानी है, घुसपैठियों को निकालना है, राजवंशी भाषा को आठवीं अनुसूची में लाना है और गोरखाओं को न्याय दिलाना है तो बंगाल की जनता को भारतीय जनता पार्टी को चुनकर सत्ता में लाना होगा। ये सभी काम ममता बनर्जी नहीं कर सकतीं, यह केवल और केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। श्री अमित शाह ने बंगाल की जनता से भाजपा के सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताने और राज्य में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

श्री अमित शाह ने कूचबिहार की जनसभा में कहा कि भाजपा कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से गंगासागर तक, एक-एक घुसपैठिये को भाजपा चुन-चुनकर बाहर करेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल में भाजपा एक जिले में एम्स, एक जिले में आईआईएम, एक में आईआईटी, एक में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, एक में कैंसर अस्पताल और एक में ट्राइबल यूनिवर्सिटी बनाएगी। बंगाल का बजट 4 लाख करोड़ है, जिसमें TMC ने मुसलमानों के लिए 5700 करोड़ रुपये दिए और उत्तर बंगाल के लिए सिर्फ 1200 करोड़ रुपये दिए गए। उन्होंने आगे कहा कि तुफानगंज में जहाँ भी खुदाई होती है, मूर्तियाँ निकलती हैं। हम एक म्यूज़ियम बनाकर बंगाल की संस्कृति को संजोने का काम करेंगे। राजा नीलांबर से जुड़ी 1200 साल पुरानी सभ्यता के इतिहास को भी इसी म्यूज़ियम में स्थान देंगे। यहाँ के कलाकारों और

नाटककारों के लिए एक संस्थान बनाने का काम करेंगे, और जूट मिलों को नई मशीनरी से पुनर्जीवित करने का काम भाजपा करेगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल की तिजोरी पर जिन्होंने डाका डाला है, उन सभी को चुन-चुनकर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। घुसपैठियों को अभी तो चुनाव आयोग ने मतदाता सूची से निकाला है, भारत के नक्शे से भी उन्हें निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही राजबंशी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाएगा और प्रसिद्ध नारायणी सेना के नाम से राज्य पुलिस यूनिट में नारायणी बटालियन की स्थापना की जाएगी।

***************